Hindi

ANNEXURE B

(अनुलग्नक बी) विज्ञापन

विक्टोरिया का सर्वोच्च न्यायालय - महत्वपूर्ण सूचना

ऊबर के खिलाफ़ टैक्सी और हायर कार (HIRE CAR) का क्लास एकशन (सामूहिक कानूनी कार्रवाई)

ANDRIANAKIS v UBER TECHNOLOGIES INC & ORS (S ECI 2019 01926)
SALEM v UBER TECHNOLOGIES INC & ORS (S ECI 2020 01834)

यह क्या है?
विक्टोरिया के सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है कि यह विज्ञापन टैक्सी और हायर कार (hire car) उद्योगों के लोगों को उनके अधिकारों के बारे में बताने के लिए प्रकाशित किया जाए, जो ऊबर के खिलाफ़ क्लास एक्शन (सामूहिक कार्रवाई) का हिस्सा हो सकते हैं। मौरिस ब्लैकबर्न (Maurice Blackburn) इन क्लास एक्शनस से संबंधित कार्रवाई के वकील हैं।

क्या मैं इस सामूहिक कार्रवाई का एक हिस्सा हूँ?
यदि आप निम्न रूप से टैक्सी और हायर कार उद्योग का एक हिस्सा थे तो आप एक 'ग्रुप मेम्बर' (समूह के सदस्य) हो सकते हैं:

- विक्टोरिया - 1 अप्रैल 2014 से 23 अगस्त 2017 के बीच;
- न्यू साउथ वेल्स - 7 अप्रैल 2014 से 18 दिसंबर 2015 के बीच;
- क्वींसलैंड- 17 अप्रैल 2014 से 5 सितंबर 2016 के बीच; और
- पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया - 10 अक्टूबर 2014 से 4 जुलाई 2016 के बीच।

वे लोग जो समूह के सदस्य हैं, उनकी एक विस्तृत सूची ऑनलाइन उपलब्ध है और ऑप्ट आउट और पंजीकरण नोटिस www.mauriceblackburn.com.au/uber. में प्राप्त की जा सकती है। यह विज्ञापन उस नोटिस का विकल्प नहीं है, और आपको नोटिस को ध्यान से पढ़ना चाहिए क्योंकि यह आपके कानूनी अधिकारों को प्रभावित कर सकता है।

सामूहिक कार्रवाई किस बारे में है?
सामूहिक कार्रवाई (क्लास एक्शन) में आरोप लगाया गया है कि ऊपर बताई गई अवधियों के दौरान ऊबर अनुचित रूप से "ग़ैरकानूनी तरीकों की साजिश" में शामिल था, जिससे समूह के सदस्यों को टैक्सी लाइसेंस के इक्विटी मूल्य और आय का नुकसान उठाना पड़ा था।

मेरे विकल्प क्या हैं?

1. **सामूहिक कार्रवाई से ऑप्ट आउट करें (बाहर रहें)**
   यदि आप बाहर रहने का विकल्प चुनते हैं तो आप किसी भी निर्णय या समझौते से बाध्य नहीं होंगे और आप ऊबर के खिलाफ़ अपने व्यक्तिगत दावे दायर कर सकेंगे। पर, यदि आप बाहर रहने का निर्णय लेते हैं तो कोई निर्णय या समझौता होने की सूरत में आपको मुआवज़ा प्राप्त करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यदि आप ऑप्ट-आउट करना चाहते हैं, तो आपको एक ऑप्ट-आउट नोटिस पूरा करना होगा और इसे विक्टोरिया के सर्वोच्च न्यायालय को लौटाना होगा। ऑप्ट आउट नोटिस ऑनलाइन उपलब्ध है और Long Form Notice (लॉन्ग फॉर्म नोटिस) www.mauriceblackburn.corn.au/uber में पाया जा सकता है।

2. **अपना दावा पंजीकृत करें**
   4 मार्च 2024 से पहले कोई समझौता हो जाने की सूरत में यदि आप मुआवज़ा प्राप्त करने के लिए योग्य होना चाहते हैं, तो आपको मौरिस ब्लैकबर्न के साथ सामूहिक कार्रवाई में भाग लेने का अपना इरादा **2 अक्टूबर 2023 को शाम 4 बजे AEST (ऑस्ट्रेलियाई पूर्वी समय)** तक पंजीकृत करना होगा।

3. **पंजीकरण न करने और बाहर न रहने का निर्णय**
   आप पंजीकरण न करने और बाहर न रहने का विकल्प भी चुन सकते हैं। यदि आप ऐसा करने का निर्णय लेते हैं, और यदि क्लास एक्शन (जो 4 मार्च 2024 को शुरू हो रहा है) मुक़दमे से पहले ही कोई समझौता हो जाता है, तो आपको क्लास एक्शन के संबंध में कोई भी धन-राशि की प्राप्ति से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा और जिस विषय पर यह क्लास एक्शन किया जा रहा है, उस विषय के संबंध में ऊबर के खिलाफ़ अपना व्यक्तिगत दावा दायर करने से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा।

महत्वपूर्ण: अधिक विवरण के साथ एक 'लॉन्ग फॉर्म नोटिस' है जिसे आपको ऊबर क्लास एक्शन से बाहर रहने या न रहने के बारे में निर्णय लेने से पहले पढ़ना चाहिए।

ऑप्ट आउट नोटिस की एक प्रति लॉन्ग फॉर्म नोटिस के साथ संलग्न है।

मैं और अधिक जानना चाहता/ती हूँ - मुझे किससे संपर्क करना चाहिए?
यदि क्लास एक्शन के बारे में या लॉन्ग फॉर्म नोटिस की एक प्रति प्राप्त करने के बारे में आपके कोई प्रश्न है, तो आप मौरिस ब्लैकबर्न से 1800 291 047 पर या uber@Mauriceblackburn.com.au पर ईमेल द्वारा संपर्क कर सकते हैं।
आप चाहें तो अपने वकील से भी बात कर सकते